दिनांकः 18.05.2026 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर

समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत और नॉर्वे को बातचीत के जरिए शांति प्रयासों का समर्थन करने वाला बताया।
- केन्द्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा–इस साल देश का कुल निर्यात 863 अरब डॉलर तक पहुंचा।
- राज्य में भीषण गर्मी का दौर जारी–आयुष मंत्रालय ने हेल्थ एडवाइजरी जारी की।
- विश्व संग्रहालय दिवस पर प्रदेशभर में विभिन्न आयोजन।

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत और नॉर्वे हमेशा से बातचीत और कूटनीति के जरिए शांति प्रयासों के समर्थक रहे हैं। श्री मोदी ने आज नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनस गाहर स्टोरे के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता को संबोधित किया। दोनों देशों की ओर से जारी एक संयुक्त प्रेस वक्तव्य में कहा गया कि यूक्रेन और पश्चिमी एशिया सहित दुनिया के विभिन्न हिस्सों में जारी संघर्षों के बीच सैन्य कार्रवाई किसी भी समस्या का समाधान नहीं है।

...................

वार्ता के दौरान दोनों देशों के बीच पर्यावरण और स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में ग्रीन स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप को आगे बढ़ाने पर सहमति बनी। इसके तहत अंतरिक्ष सहयोग के लिए इसरो और नॉर्वे स्पेस एजेंसी के बीच एक समझौते पर भी हस्ताक्षर किए गए। दोनों नेताओं ने आतंकवाद को समाप्त करने की साझा प्रतिबद्धता जताई।

000

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने आज नई दिल्ली में ''भारत व्यापार महोत्सव'' की वेबसाइट लॉन्च की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था और निर्यात में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। श्री गोयल कहा इस साल देश का कुल निर्यात लगभग 863 अरब डॉलर तक पहुंच गया है, जो पिछले साल की तुलना में करीब पांच प्रतिशत अधिक है। उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष के लिए भारत ने सामूहिक रूप से एक ट्रिलियन डॉलर के निर्यात का लक्ष्य रखा है। केंद्रीय मंत्री ने विश्वास जताया कि देश का व्यापारिक समुदाय वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए पूरी मजबूती से आगे बढ़ रहा है।

...................

000

कोटा के जे.के. लोन अस्पताल में प्रसूताओं की तबीयत बिगड़ने और मौत के मामले में चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने कहा है कि इस मामले में शुरुआती तौर पर उपकरणों में संक्रमण या दवाइयों में गड़बड़ी की आशंका है। श्री खींवसर ने आज जयपुर में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि चिकित्सा उपकरणों और दवाओं के सैंपल जांच के लिए भेजे गए हैं, जिनकी रिपोर्ट 23 मई तक आने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि एम्स की टीम ने भी अस्पताल का दौरा कर जानकारी ली है और रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। चिकित्सा मंत्री ने कहा कि इस अस्पताल पर आमजन का भरोसा है और प्राथमिक जांच के आधार पर शुरुआती कदम उठाए गए हैं।

...................

000

राजस्थान विधानसभा की स्थापना के 75वें वर्ष के उपलक्ष में आज विधानसभा के नए प्रतीक चिह्न का विमोचन किया गया। विधानसभा परिसर में आयोजित विशेष समारोह में राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने

इस नए लोगो को लॉन्च किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि यह लोगो राजस्थान के जनमानस की सोच का प्रतिनिधित्व करता है। उन्होंने बताया कि इस प्रतीक चिह्न में राज्य पुष्प रोहिड़ा, खेजड़ी वृक्ष और विधान भवन की छवियों को शामिल किया गया है, जो प्रदेश की सांस्कृतिक जीवंतता को दर्शाता है। समारोह में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बताया कि आज विधानसभा के चारों ऐतिहासिक द्वारों के नामकरण की पट्टिकाओं का भी अनावरण किया गया है। इन प्रवेशद्वारों को राजस्थानी संस्कृति के अनुरूप नए नाम दिए गए हैं।

....................

000

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो–सीबीआई ने नीट पेपर लीक मामले में पिछले 24 घंटों के दौरान पांच स्थानों पर छापेमारी की है। इस कार्रवाई में जांच एजेंसी ने कई महत्वपूर्ण दस्तावेज, लैपटॉप और मोबाइल फोन जब्त किए हैं। सीबीआई की जांच में परीक्षा से पहले लीक हुए रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान के प्रश्न पत्रों के मुख्य स्रोत का भी पता चल गया है। एजेंसी ने इस मामले में महाराष्ट्र के लातूर से आरसीसी कोचिंग संस्थान के संचालक प्रोफेसर शिवराज मोटेगांवकर को गिरफ्तार किया है। इस मामले में अब तक जयपुर, दिल्ली और लातूर सहित देश के विभिन्न हिस्सों से 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। गौरतलब है कि इस महीने की तीन तारीख को हुई यह परीक्षा पेपर लीक के आरोपों के बाद रद्द कर दी गई थी।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज जयपुर में मुख्यमंत्री निवास पर जनसुनवाई की। इस दौरान उन्होंने प्रदेशभर से आए आम लोगों की समस्याओं को सुना और अनेक मामलों का मौके पर ही समाधान किया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को जनसुनवाई में आए सभी मामलों के निस्तारण की नियमित रूप से मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। श्री शर्मा ने कहा कि सरकार अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस जनसुनवाई में स्वास्थ्य, पेयजल, शिक्षा, राजस्व और ग्रामीण विकास सहित विभिन्न विभागों से जुड़ी शिकायतें आईं।

000

राज्य में भीषण गर्मी का दौर बना हुआ है। मौसम विभाग ने आज और कल राज्य के 19 जिलों में हीटवेव का येलो अलर्ट जारी किया है। कई इलाकों में तापमान में बढ़ोतरी का सिलसिला जारी है। चित्तौड़गढ़ और पिलानी 46 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस अधिमतम तापमान के साथ सबसे गर्म स्थान रहे। तेज गर्मी के कारण आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। जयपुर मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि आगामी एक सप्ताह तक राज्य के अधिकांश भागों में मौसम पूरी तरह गर्म बना रहेगा। उन्होंने बताया कि इस दौरान सीमावर्ती क्षेत्रों और दक्षिण–पूर्वी इलाकों में कहीं–कहीं हीटवेव की आशंका है।

....................

000

आयुष मंत्रालय ने भीषण गर्मी और लू के प्रकोप को देखते हुए आज एक हेल्थ एडवाइजरी जारी की है। इसमें बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और खुले में काम करने वाले मजदूरों को विशेष सावधानी बरतने को कहा गया है। एडवाइजरी में तापघात, चक्कर आने, तेज सिरदर्द और बेहोशी जैसे लक्षणों को मेडिकल इमरजेंसी माना गया है। ऐसी स्थिति होने पर तुरंत 108 या 102 हेल्पलाइन पर संपर्क करने की सलाह दी गई है। लू से बचाव के लिए मंत्रालय ने पर्याप्त पानी पीने और धूप से बचने को कहा है। इसके साथ ही शरीर को ठंडा रखने के लिए छाछ, नारियल पानी, नींबू पानी, तरबूज और खीरे जैसी पारंपरिक चीजों के सेवन की सिफारिश की गई है।

000

इन्दिरा गांधी नहर परियोजना में डेढ़ महिने की नहरबंदी के बाद आज 10 हजार 800 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। सिंचाई विभाग के अनुसार 1 अप्रेल को नहर बंदी लागू की गई थी। इस दौरान नहर की सिल्ट सफाई, टूटी पटड़ियों की मरम्मत, रेगुलेटरों के रख–रखाव और अन्य तकनीकी काम किए गए। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अगले 48 घंटों में यह पानी टेल क्षेत्र तक पहुंच जाएगा। इससे सूरतगढ़, रावला, घड़साना और अनूपगढ़ क्षेत्र के हजारों किसानों को खरीफ की फसलों की बुवाई के लिए पानी मिल सकेगा। ऐसे में अब किसान नरमा, ग्वार और अन्य फसलों की तैयारी में जुट गए हैं। वहीं नागौर और डीडवाना–कुचामन जिले में नहर बंदी का अंतिम चरण चल रहा है।

एक सप्ताह तक नहर बंदी के प्रभाव से पेयजल आवक में कमी को देखते हुए स्थानीय भूजल स्त्रोतों से पीने के पानी की सुचारु व्यवस्था की जा रही है।

000

विश्व संग्रहालय दिवस के अवसर पर आज प्रदेशभर के राजकीय संग्रहालयों और स्मारकों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जयपुर और अजमेर सहित विभिन्न स्थानों पर पर्यटकों का तिलक लगाकर और पुष्प वर्षा कर पारंपरिक स्वागत किया जा रहा है। इस मौके पर देशी–विदेशी पर्यटकों और आमजन के लिए सभी संग्रहालयों तथा स्मारकों में प्रवेश निःशुल्क रखा गया। इधर, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने जयपुर के अल्बर्ट हॉल म्यूजियम में लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि संग्रहालयों को आधुनिक सुविधाओं से जोड़कर पर्यटन को और अधिक बढ़ावा दिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और पर्यटन विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है।

जैसलमेर के दी थार हेरिटेज म्यूजियम और पाली के राजकीय बांगड़ म्यूजियम में भी आज सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण विषय पर विचार गोष्ठियों रखी गईं। इन संगोष्ठियों का उद्देश्य विद्यार्थियों और युवाओं में इतिहास तथा संग्रहालयों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

000